# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................../सम्बद्धता अनु. /2018

दिनांक :. ..............................................

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

## कार्यालय–आदेश

प्रबन्धक,
नार्दर्न इण्डिया इंजीनियरिंग कालेज,
सेक्टर– I I, अखिलेश दास नगर,
फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ।

महोदय,

कृपया महाविद्यालय (संस्थान) के निदेशक के पत्र दिनांक 01.02.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि संस्थान में पूर्व संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की मान्यता एन0सी0टी0ई0 द्वारा समाप्त कर दी गयी है, तत्क्रम में विश्वविद्यालय से अग्रिम कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में सूच्य है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) के पत्र दिनांक 18.01.2018 द्वारा आदेश निर्गत किये गये हैं कि–"As per request of the institution alongwith resolution received on 28.11.2017, the NRC NCTE decided to withdraw recognition of B.Ed. Programme."

उक्त अंश से स्पष्ट है कि एन0सी0टी0ई0 द्वारा नार्दर्न इण्डिया इंजीनियरिंग कालेज, फैजाबाद रोड, लखनऊ की बी0एड0 की मान्यता समाप्त कर दी गयी है और विश्वविद्यालय की सहयुक्तता एन0सी0टी0ई0 की मान्यता के अधीन होती है अर्थात एन0सी0टी0ई0 की मान्यता समाप्त होने की दशा में सहयुक्तता स्वतः निष्प्रभावी हो जाती है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि एन0सी0टी0ई0 के आदेश दिनांक 18.01.2018 के आलोक में नार्दर्न इण्डिया इंजीनियरिंग कालेज, फैजाबाद रोड, लखनऊ की बी0एड0 की मान्यता जब तक एन0सी0टी0ई0 से पुनः बहाल न हो जाय तब तक बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश न लिया जाय तथा एन0सी0टी0ई0 से मान्यता बहाल होने के उपरान्त पुनः विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त कर ही प्रवेश सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी **अर्थात बी0एड0 पाठ्यक्रम में आगामी सत्र 2018–19 के प्रथम वर्ष से प्रवेश अग्रिम आदेशों तक प्रतिबन्धित रहेगा।** यदि विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया जाता है तो इसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीया

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : AF-6291-96 दिनांक : 14/03/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
4. इंचार्ज, वेबसाईट/डाटा रिसोर्स सेन्टर, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सम्बन्धित महाविद्यालय को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रबन्धक, उपरोक्त सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों को।
7. गार्ड फाईल।

Bmishra

उप कुलसचिव (सम्ब.)